मैया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी,
मैं हूँ बेटा तू मैया मेरी,
है ये रीत पुरानी,
सारा जग माँ तुमने बनाया,
अपरम्पार है तेरी माया,
तेरे आँचल की छाया में,
है ये श्रष्टि सारी,
मईया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी।।

तर्ज तेरी मेरी तेरी मेरी।

ममतामई माँ भूल ना जाना,
माँ बेटे का रिश्ता निभाना,
जब भी बुलाए माँ तुम चली आना,
हर संकट से माँ जग को बचाना,
शेरोवाली माँ चंडी काली,
तेरी महिमा निराली,
मईया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी।।

भूख से बिलख कर कोई ना रोये,
अन्न जल बिन ये जीवन ना खोए,
अन्न उपजा कर जीव बचाओ,

नारी की रक्षा माँ कर जाओ,
दानव है मैया आज चरम पे,
आकर वध कर जाओ,
मईया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी।।

जग में ये कैसी रीत चल पड़ी है,
बेटी कोंख में बिलख रही है,
घर में हो या बिच राह में,
नारी की अस्मत क्यों लूट रही है,
दुष्टो को काटो माँ बनके काली,
तुम ही रखवाली,
मईया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी।।

मैया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी,
मैं हूँ बेटा तू मैया मेरी,
है ये रीत पुरानी,
सारा जग माँ तुमने बनाया,
अपरम्पार है तेरी माया,
तेरे आँचल की छाया में,
है ये श्रष्टि सारी,
मईया तेरी मेरी तेरी मेरी,
है ये प्रीत पुरानी।।

Singer Master Mukul Vishwas
Lyrics Babita Vishwas

Source:
https://www.bharattemples.com/maiya-teri-meri-teri-meri-hai-ye-preet-purani/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw